तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 30 जून 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 छात्रों को सामाजिक, आध्यात्मिक, नैतिक...



14 उद्यान में लगा वृक्ष सड़क पर गिरा...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# शिक्षा का अधिकार: सीटें 1672, चयनित 1474 प्रवेश पाया 1028 छात्रों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत जिले में 1672 सीटों के लिए कुल 1474 छात्रों का चयन किया गया था। इसमें से अब तक 1028 ही एडमिशन लिए हैं। 446 चयनित छात्र अब तक एडमिशन के लिए नहीं पहुंचे हैं। 30 जून प्रवेश लेने की अतिम तिथि निर्धारित की गई है। 26 जून से सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। छात्रों के प्रवेश लेने के लिए अब एक दिन का ही समय बचा है। रविवार को अवकाश होने से प्रवेश नहीं ले पाएंगे। स्कूलों को 18 जून से प्रारंभ होना था, लेकिन भीषण गर्मी के कारण तिथि में वृद्धि की गई। 26 जून से स्कूल खुले हैं। हालाकि, निजी स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया एक जून से ही प्रारंभ हो गई थी। इसके बाद भी कई छात्र प्रवेश नहीं ले पाए हैं। एक जुलाई से रिक्त सीटों पर दूसरे चरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। ऐसे में कई चयनित छात्र प्रवेश नहीं ले पाएंगे। हर साल आरटीई के तहत सीटें रिक्त रह जाती हैं। सत्र 2024-25 में कुल सीटें1672 हैं। इसके लिए 2316 आवेदन स्वीकृत हुए थे। पहली सूची में केवल 1474 छात्रों का ही चयन हुआ था। कुल 198 सीटों के लिए छात्रों के नाम ही नहीं आए।

## प्रथम चरण में चयनित छात्र 30 जून तक पा सकेंगे प्रवेश, दूसरा चरण 1 जुलाई से

### तारीख बढ़ाने अब तक निर्देश नहीं

चयनित होने वाले 446 छात्रों ने अब तक प्रवेश नहीं लिया है। ऐसे में इस वर्ष भी सैकड़ों सीटें रिक्त न हो जाएंगी। आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि चयनित छात्रों को 30 जून तक प्रवेश लेना है। तिथि वृद्धि को लेकर कोई निर्देश नहीं आया है।




### दूसरे चरण के लिए आवेदन एक जुलाई से

दूसरे चरण में छात्रों का पंजीयन और आवेदन एक जुलाई से आठ जुलाई तक को मंगाए जाएंगे। दस्तावेजों की जांच 9 से 15 जुलाई तक चलेगी लॉटरी व आवंटन 17 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगा। स्कूल में दाखिला 22 से 31 जुलाई तक होगा।

## खबर संक्षेप

### फाइनेंस की रकम लेकर युवक फरार

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम दुरुगपाली में एक व्यक्ति से हार्वेस्टर खरीदने के लिए फाइनेंस की रकम करीब 8.70 लाख रुपए लेकर आरोपी फरार हो गया है। आवेदक संतोष बरिहा निवासी ग्राम दुरुगपाली ने बताया कि 26 जून 2024 को दोपहर करीब 3 बजे दिनेश साहू थाना राजा देवरी उससे हार्वेस्टर खरीदने के लिए फायनेंस की रकम करीब 8.70 लाख रुपए लेकर चला गया और वापस नहीं आया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 406 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### बाइक की चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नयापारा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास से बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी यादराम पटेल निवासी ग्राम मामाभांचा खल्लारी ने पुलिस को बताया कि 23 जून को दोपहर 1:30 बजे से शाम 5 बजे के बीच स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1301 कीमत 7 हजार को चोरी कर ली।

**अच्छी खबर:** अब कोडार में 7 फीट तक भरा पानी, लगातार बढ़ रहा जलस्तर

# बारिश की शुरुआत से कोडार के जल स्तर में भी डेढ़ फीट की हुई बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के बाद कोडार में डेढ़ फीट जल भराव हुआ है। अब कोडार का जल स्तर बढ़कर 7 फीट हो गया है। रबी फसलों की सिंचाई और निस्तारी के लिए तालाबों को भरने के बाद कोडार जलाशय में मात्र साढ़े 5 फीट पानी शेष था। बता दें कि कोडार जलाशय से जिला मुख्यालय से लगे करीब 50 गांवों को रबी फसल धान की सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। इसके अलावा निस्तारी के लिए करीब 60 गांवों के तालाबों को भरा जाता है। यहां से एक साल दांयी नहर (आरबीसी) और एक साल बांयी नहर (एलबीसी) से पानी दिया जाता है और जिस साल बारिश कम होती है उसके दूसरे साल जलाशय से रबी फसलों के लिए पानी नहीं दिया जाता, लेकिन निस्तारी के लिए तालाब भरने आरबीसी व एलबीसी में पानी छोड़ा



जाता है। जानकारी के अनुसार इस साल जलाशय में पर्याप्त जलभराव के चलते जनवरी से ही रबी फसल धान के लिए आरबीसी नहर से पानी दिया जा रहा है। वहीं अप्रैल से आरबीसी नहर के अंतर्गत आने वाले 18 गांवों तुमगांव, मालाडीह, पिरदा, बेंदरीडीह, खैरझिटी, गुरूडीह, परसाडीह, भोरिंग, तेंदूवाही, कुकराडीह, जोबा, गढसिवनी, कौवाझर, गोपालपुर, अमावस, बेलटुकरी, अछोली, अछोला को इस बार पानी दिया गया। इस दौरान 19 तालाबों को भी भरा गया।

### एलबीसी से 31 गांवों के 40 तालाब भरे गए

जानकारी के अनुसार इस साल एलबीसी अंतर्गत आने वाले बनसिवनी, सोरिद, कौदकेरा, नवापारा, परसदा, चोरभट्ठी, बेमचा, मुस्की, कांपा, खट्टीडीह, खरोरा, बेलसोंडा, घोड़ारी, बरबसपुर, बड़गांव, बिरकोनी, अछराडीह, मुढ़ैना, नांदगांव, साराडीह, बरोंडाबाजार, परसट्ठी, बम्हनी, मचेवा, भलेसर, परसकोल, लाफिन कला, लाफिन खुर्द, चिंगरौद के 40 तालाबों को भरा गया। इन गांवों में निस्तारी के लिए 7 मई से पानी छोड़ा गया, तब जलाशय में 8.90 फीट पानी था और प्रतिदिन 150 क्यूसेक पानी दिया जा रहा था।

### बरसात में होता है जलभराव

बता दें कि जिला मुख्यालय से लगे 50 गांवों की खेती और तालाबों को भरने के किए कोडार जलाशय पर निर्भर रहना पड़ता था। मालूम हो कि कोडार में जल भराव का मुख्य स्रोत खल्लारी के नहर, बागबाहरा के नवागांव के 4-5 नहर नाले और झारा व गबौद के 8-10 नहर नाले हैं, जिससे पर्याप्त पानी कोडार में आता है। इसके अलावा कई छोटे नहर-नाले कोडार जलाशय को भरने के मुख्य स्रोत हैं।

# नशीली दवाई का परिवहन कर रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नशीली दवाई का परिवहन करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से बिक्री के लिए रखे प्रतिबंधित नशीली टेबलेट व एक मोटर सायकल जब्त किया गया है।



पुलिस ने बताया कि 28 जून 2024 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पतेरापाली सरायपाली सागरपाली रोड में स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जेड डी 7353 में घूम-घूम कर नशीला टेबलेट बिक्री कर रहा है। जिस पर पुलिस ने मुखबिर के बताए गए स्थान पर जाकर मोटर साइकिल को रोककर बाइक चालक से पूछताछ किया, जो अपना नाम जितेश पात्रो पिता सुरेश पात्रो 18 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 4 पतेरापाली का होना बताया। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति के कब्जे से 120 नग नीट्रोसम-10 टेबलेट, 12 स्ट्रिप में भरा हुआ कुल 120 120 नग एवं नीट्रोसम 10 टैबलेट की बिक्री रकम 2000 व घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन कीमती 40 हजार , जुमला जप्ती कीमती 42900 के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी का कृत्य नारकोटिक एक्ट का पाए जाने से धारा 22 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

# जिले में खनन माफियाओं पर लगातार कार्रवाई जारी, 6 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में खनन माफियाओं पर लगातार कार्रवाई जारी है, प्रशासन ने अवैध तरीके से उत्खनन और परिवहन करते 40 हाइवा पकड़ी इसके बाद जिला खनन अधिकारी ने 6 खनन माफियाओं पर अपराध दर्ज कराया है। आरोपियों पर रेत चोरी करने के लिए धारा धारा 379 आईपीसी तथा खनिज अधिनियम की धारा 21 लगाईं गई है।

खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने पुलिस को बताया है कि सूर्या चंद्राकर निवासी बेलसोंडा, बसंत चंद्राकर पिता अशोक चंद्राकर निवासी आरंग, खेमीन बाई, एवन कुमार साहू तथा संदीप साहू के द्वारा 19 जून 2024 को रात करीब 2 बजे अवैध रूप से खनिज संपदा रेत लगभग 525 घन एवं अन्य



राशि करीब 26 हजार 250 रुपये तथा रायल्टी करीब 1.31 लाख रुपये चोरी करते पाया गया। इसी तरह 23 जून 2024 को रात करीब 10:45 बजे आरोपी बलराम कांत साहू पिता फेरुराम साहू निवासी ग्राम तुमगांव को अवैध रूप से खनिज संपदा रेत लगभग 40 घनी एवं रायल्टी करीब 7 हजार 720 रुपये चोरी करते पाया गया।

### गांव में हाथियों का आतंक, ग्रामीण के घर को किया क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बारनवापारा अभ्यारण्य के ग्राम रामपुर में हाथी ने एक मकान को तोड़ दिया। अभ्यारण्य क्षेत्र में हाथी के आतंक को लेकर आसपास के गांवों के में अलर्ट जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक बारनवापारा अभ्यारण्य के ग्राम रामपुर को 7 पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर चैन डीपा के समीप श्रीरामपुर के नाम से विस्थापित किया गया था।

जहां के सैकड़ों परिवारों को पक्के मकान के साथ कृषि योग्य भूमि व नकद राशि दी गई थी। लेकिन रामपुर के सात परिवारों ने श्रीरामपुर में शासन से जमीन और पक्के मकान तो ले लिए और वे रामपुर से श्रीरामपुर नहीं गए थे। बीती रात इसी रामपुर की ओर एक विशालकाय हाथी के ग्राम की ओर बढ़ने की अंदेशा को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया था। वहीं देर रात एक हाथी ने रामपुर निवासी राजकुमार दीवान के घर को नुकसान पहुंचाया है। ती है। घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। दूसरी ओर अभ्यारण्य अधीक्षक आनंद कुदरिया ने बताया कि क्षेत्र में तीन हाथी एक अलग-अलग घूम रहे हैं, जिसका अलर्ट भी लगातार जारी किया जा रहा है। साथ ही लोगों को सचेत रहने प्रभाग की अपील भी की गई है।

## डायवर्सन का गेट क्षतिग्रस्त, नहर की सफाई भी नही...





**महासमुंद।** सैकड़ों किसानों के हजारों एकड़ खेत की सिचांई का एकमात्र साधन पिटियाझर पतेरापाली में स्थित सितली डायवर्सन का गेट जीर्ण शीर्ण हो चुका है और जिसकी जानकारी एसडीओं को किसानों द्वारा मौखिक तौर पर दिए जाने के बावजूद बीते माह भर से सुधार नही हो पाया है। बता दें कि नहर की सफाई के लिए भी कई बार किसान संबंधित विभाग से गुहार लगा चुके हैं। भाजपा नेता जितेंद्र साहू ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों को फोन लगाने पर फोन का जवाब देना तक उचित नही समझा जाता। किसानों की मानें तो गेट तत्काल में सुधार नहीं कराया या तो हजारों किसान फसल लेने से वंचित रह जाएंगे।

### प्री-बीएड एवं डीएलएड प्रवेश परीक्षा आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा प्री बीएड एवं प्री.डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन आज दो पालियों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय में प्रथम पाली में प्री.बी.एड. की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक 32 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। वही द्वितीय पाली में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में प्री डीएलएड की परीक्षा का आयोजन अपराह्न 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक 50 परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। प्री बीएड की परीक्षा में 9,538 परीक्षार्थी एवं प्री.डीएलएड की परीक्षा में 14,384 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संपूर्ण परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होगा, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र संबंधी परेशानी न हो इसलिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है। जिसके तहत परेशानी होने पर 0771-2972780 एवं 8269801982 पर समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969



# जलजीवन मिशन का काम अधूरा, प्रभारी ईई हटाए गए, सहायक अभियंता को दिया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता को हटा दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक में बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में वांछित प्रगति नहीं होने तथा लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने में कठिनाई पाए जाने पर विभाग ने वहां के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विगत 20 जून को हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह परिलक्षित हुआ है कि बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन का कार्य संतोषजनक नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जल जीवन मिशन के लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए वांछित गति नहीं दिए जाने से बलरामपुर जिले में मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप वांछित प्रगति प्राप्त करने में कठिनाई आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को आगामी आदेश तक बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके स्थान पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडल अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा को बलरामपुर खंड के कार्यपालन अभियंता का प्रभार सौंपा गया है।

### एक हफ्ता पहले हुई थी विभागीय समीक्षा बैठक



## खबर संक्षेप



### एसबीआई जोन ऑफिस प्रबंधन ने 16 लाख से अधिक बकाया राशि का किया भुगतान

**रायपुर।** संपत्ति कर बकाया राशि वसूली अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम के राजस्व विभाग ने शुक्रवार को पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 में बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूली करने अभियान चलाया। इस दौरान एसबीआई जोन ऑफिस प्रबंधन से 16 लाख 338 हजार 994 रुपए की बकाया राशि वसूल की। प्रबंधन ने चेक के माध्यम से बकाया राशि का भुगतान किया।

**2 बकायेदारों को 3 दिन की मोहलत, नहीं तो करेंगे सील**

राजस्व टीम ने अभियान के दौरान वार्ड 57 और वार्ड 35 में दो बड़े बकायेदारों को नोटिस थमाया है। इस नोटिस के जरिए चेतावनी दी गई है कि अगर 3 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। इनमें एक बकायेदार पर 34 लाख 12 हजार एवं दूसरे पर 5 लाख 93 हजार रुपए बकाया है।

### छत्तीसगढ़ को मिला सम्मान

**रायपुर।** विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के बलौदाबाजार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र सहसा व जिला चिकित्सालय कोंडागांव की टीम का दिल्ली में सम्मान किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता पूर्ण प्रदायगी व राष्ट्रीय स्तर कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी व अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर पर खरा उतरते हुए यह सम्मान प्राप्त किया है। आयुष्मान भारत, गुणवत्त स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अनुप्रिया पटेल द्वारा सम्मान प्राप्त सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

### बोलीं मीनल- महापौर ने पहले ही हार मान ली

**रायपुर।** नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर और कांग्रेस पार्षदों के द्वारा नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में परिणाम अनुकूल नहीं आने के कारण महापौर घबरा गये हैं और अनर्गल मांग कर रहे हैं। शहर की जनता जागरूक जनता है और आधुनिक तकनीक से अपने जीवन को आसान बना रही है। नगर निगम से विभिन्न पेंशन योजना का लाभ भी हितग्राही एटीएम कार्ड के माध्यम से ले रही है। ऐसे में जनता को पीछे ढकेलने की सोच समझ से परे है। ईवीएम से एक भी वोट व्यर्थ नहीं जाता है। बैलेट पेपर से चुनाव की मांग से यह स्पष्ट है कि महापौर नगरीय निकाय चुनाव में भी चुनाव से पहले ही हार मान लिए हैं। निष्पक्ष चुनाव से घबरा रहे हैं।

### नगरीय निकाय चुनाव बैलेट से कराने की मांग

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर समेत कांग्रेसी पार्षदों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से मुलाकात की और बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराने की मांग की है। महापौर एजाज ढेबर ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम की जगह मतपत्र से कराने की मांग रखी गई है। परिसीमन से संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग भी की है। महापौर ने कहा कि कुल 4 मांग हम लोगों द्वारा की गई है। हमें विश्वास है, इस पर निर्णय लिया जायेगा। ईवीएम से मुझे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बैलेट पेपर से चुनाव करवाना सही होगा। परिसीमन में यदि कोई गड़बड़ी होती है, तो कोर्ट का रास्ता खुला है। हम किसी भी तरह से गलत नहीं होने देंगे। कई वार्ड ऐसे हैं जहां के लोग दूसरी जगह जाते हैं, ऐसे में उन लोगों के लिए मतदान केंद्र निर्माण करने की मांग रखी।

## जिला सहकारी बैंक के तत्कालीन सीईओ और संवर्ग अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की अवैधानिक नियुक्ति एवं वेतन भुगतान किए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके वर्मा और सुधीर कुमार सोनी संवर्ग अधिकारी को निलंबित करने का आदेश आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने आदेश जारी किया है।

अपैक्स बैंक के एमडी केएन कांडे ने जारी आदेश में कहा है कि सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में पदस्थापना के दौरान सीईओ एसके वर्मा ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। श्री वर्मा वर्तमान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंबिकापुर में सीईओ के पद पर पदस्थ हैं। निलंबन के बाद उन्हें निर्देशित किया गया है कि मुख्य लेखापाल एसपी सिंह को पदभार सौंप कर तत्काल बैंक मुख्यालय नया रायपुर में उपस्थिति देवें। वहीं एक अन्य आदेश में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में वर्ष 2022-23 में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की अवैधानिक नियुक्ति और वेतन भुगतान के मामले में सुधीर कुमार सोनी संवर्ग अधिकारी अपैक्स बैंक को निलंबित करने का आदेश किया गया है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सभी राज्यों के संगठन चुनाव पर रहेगा फोकस

# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति जुलाई के पहले सप्ताह और प्रदेश की दूसरे सप्ताह में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति 30 जून को रखी गई थी, लेकिन इस दिन इसको नहीं किया जा रहा है। अब यह जुलाई के पहले सप्ताह में लोकसभा का सत्र 3 जुलाई को समाप्त होने के बाद होगी। राष्ट्रीय कार्यसमिति में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर फैसला होगा। पहले जिनको राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना है उनको तत्काल में कार्यकारी अध्यक्ष का जिम्मा दिया जाएगा, इसके बाद राज्यों के स्तर से चुनाव की प्रक्रिया होगी, इसके बाद नियमानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रीय कार्यसमिति के ठीक बाद जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रदेश कार्यसमिति होगी। इसमें संगठन चुनाव को लेकर चर्चा होगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल लोकसभा चुनाव के कारण 20 जून तक के लिए बढ़ाया गया था। केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद श्री नड्डा को केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया है। ऐसे में अब उनके स्थान पर किसी और को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना है। इसके लिए भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यसमिति करने का फैसला किया है।



### प्रदेश कार्यसमिति 11-12 को संभावित

राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद प्रदेश कार्यसमिति 11 और 12 जुलाई को संभावित है। इसमें राष्ट्रीय कार्यसमिति में तय संगठन के चुनाव की प्रक्रिया की पूरी जानकारी देकर मंडल स्तर से चुनाव प्रारंभ किए जाएंगे। मंडल के बाद जिला और फिर राज्य स्तर का चुनाव होगा। कार्यसमिति में लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी। इसमें लोकसभा स्तर पर की गई समीक्षा की रिपोर्ट रखी जाएगी और देखा जाएगा कि कहां पर भाजपा कमजोर रही है। इसको मजबूत करने पर रणनीति बनेगी, क्योंकि आने वाले समय में इस साल के अंत में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं।

### ये होगा राष्ट्रीय कार्यसमिति में

राष्ट्रीय कार्यसमिति में सबसे पहले तो लोकसभा चुनाव को लेकर बात होगी। इसमें एक राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाएगा। इसमें नरेंद्र मोदी के लगातार बार प्रधानमंत्री बनने को लेकर बात होगी। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर ऐलान होगा कि किनको जेपी नड्डा के स्थान पर पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा रहा है। इसी के साथ संगठन चुनाव की प्रक्रिया की तिथियां तय होंगी। इसमें राज्यों में कब से किस स्तर के चुनाव होंगे, यह तय किया जाएगा। सभी राज्यों में चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का विधिवत चुनाव होगा। हालांकि यह एक औपचारिकता ही होगी, क्योंकि जिनको कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा वे ही आगे चलकर स्थाई अध्यक्ष होंगे। भाजपा में वैसे भी अब तक अध्यक्ष के चुनाव की नौबत नहीं आई है।



## भारत से निकल कर पूरी दुनिया में पहुंच रहा है आयुर्वेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि भारत से निकलकर आयुर्वेद पूरी दुनिया में पहुंच रहा है। उन्होंने नियमित रूप से आयुर्वेद से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 28 से 30 जून तक विवि परिसर स्थित कृषि मंडपम में आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दुनियाभर के लोग दोनों हाथों से आयुर्वेद को अपना रहे हैं। हमें विभिन्न देशों में आयुष और आयुष उत्पादों को दृढ़ता से बढ़ावा देने और बड़े जैविक और पोषक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का लाभ उठाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष, आयुर्वेद, जैविक उत्पाद, यूनानी, सिद्ध, हर्बल, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, कोल्ड चेन, उद्योग और कोल्ड सप्लाई चेन नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसका उद्देश्य निवेश और व्यापार के अवसरों को बढ़ाना है। इस मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा और औषधीय पौधों के डॉक्टरों से निशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। कुलपति गिरीश चंदेल ने भी स्वच्छ भोजन खाने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ में उत्पन्न चावल में कई औषधीय गुण और विशेषताएं हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह राज्य में बाजरा और जैविक खेती को प्रोत्साहित करेंगे।

## राव के वनबल प्रमुख बनाए जाने के निर्णय पर कैट ने लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वन विभाग में प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ वी. श्रीनिवास राव को वनबल प्रमुख (हेड ऑफ फॉरेस्ट) बनाए जाने के फैसले को कैट ने उचित करार दिया है। श्री राव के हेड ऑफ फॉरेस्ट बनाए जाने को लेकर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने चुनौती दी थी। कैट ने अपने आदेश में कहा कि राज्य की विशेष चयन समिति ने श्रीनिवास राव का वन बल प्रमुख के तौर पर चयन उनके पांच साल के रिकार्ड के आधार पर किया। हेड ऑफ फॉरेस्ट बनाने विशेष चयन समिति ने श्री राव के कामकाज को बेहतर माना। साथ ही समिति ने सुधीर अग्रवाल सहित सभी पीसीसीएफ के रिकार्ड का अध्ययन किया। समिति को केवल मेरिटोरियस का चयन करना था। इस तरह श्री राव को वन बल प्रमुख बनाने का फैसला मेरिट के आधार पर लिया गया।

### इसलिए कैट में चुनौती दी गई

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व भारतीय वन सेवा के अफसर श्रीनिवास राव की नियुक्ति पीसीसीएफ के पद पर की गई है। इस फैसले को आईएफएस अफसर सुधीर अग्रवाल ने कैट में चुनौती देते हुए अपना पक्ष रखते हुए कहा श्रीनिवास राव जूनियर हैं, इसलिए श्री राव वनबल प्रमुख नहीं बनाए जा सकते। कैट ने अपने फैसले में कहा है कि पीसीसीएफ रैंक के किसी अफसर को वन बल प्रमुख बनाने का आधार मेरिट है, न कि जूनियरिटी या सीनियरिटी। श्री राव के 5 साल का परफार्मेंस गुण-दोष के आधार पर बेहतर माना गया, इसलिए उन्हें वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई।

### संजय श्रीवास्तव बोले

## कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव से पहले हार मानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, महापौर एजाज ढेबर को अभी से निकाय चुनाव में हार का डर सताने लगा है। महापौर एजाज ढेबर की कुर्सी जाती हुई दिखाई दे रही है, इसलिए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती है। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं बनती है वहां पर ईवीएम हैक हो जाती है और जिन राज्यों में उनकी सरकार बनती है वहां की ईवीएम मशीन ठीक रहती है। ईवीएम मशीन से चुनाव होने पर कांग्रेस पार्टी को फर्जी जीत नहीं मिल पाएगी इसलिए कांग्रेस पार्टी हमेशा ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करती है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जो 99 सीटों में जीत मिली हैं क्या वे फर्जी तरीके से इन लोकसभा सीटों में जीते हैं। ईवीएम से चुनाव न हो इसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी बार-बार बयान दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताशा में चली गई है। उन्होंने कहा, जिस तरह छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाया है उसी तरह आगामी निकाय चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस का निकाय चुनाव में हारना तय है। इसको लेकर अभी से महापौर एजाज ढेबर हार का बहाना ढूंढ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी अभी तक हार का जिम्मेदार कौन है यह पता नहीं लगा पाई है और हर बार की तरह इस बार भी निकाय चुनाव में हार के लिए अभी से बहाना ढूंढ रही है।

## राजीव युवा मितान क्लबों के खर्चों का निकला हिसाब, बाकी बची रकम जमा करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की राजीव मितान क्लब योजना का हिसाब निकाला जाना शुरू हो गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने सभी जिला खेल अधिकारियों की समीक्षा बैठक संचालनालय में विशेष रूप से पूर्ववर्ती योजना राजीव युवा मितान क्लबों के द्वारा पूर्व वर्षों में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, बिल व्हाउचर्स की आडिट तथा शेष राशि को शासन के खजाने में तत्काल जमा करने संबंधी निर्देश दिए। आगामी 10 जुलाई तक सभी जिलों को अनिवार्यतः कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पूर्ववर्ती सरकार की योजना छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक में खर्च हुई राशि की भी समीक्षा की गई है।

### अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

बैठक में सहायक संचालक बस्तर तथा प्रभारी खेल अधिकारी जशपुर को अनुपस्थिति और जिले की प्रगति की जानकारी नहीं देने के कारण स्पष्टीकरण देने और सहायक संचालक राजनांदगांव, दुर्ग और रायगढ़ को कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया। कार्यों में लापरवाही बरतने और निर्देशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक में बंटी राशि की समीक्षा

श्री गुप्ता ने पूर्ववर्ती योजना छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के पुरस्कार वितरण हेतु जिलों को पूर्व में वितरित राशि की समीक्षा भी की गई। विभिन्न जिलों में विभागीय कार्यों की प्रगति धीमी होने के कारण उन जिलों में प्रभारी बदलने के लिए संबंधित कलेक्टर्स को पत्र लिखने के निर्देश दिए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय और प्रत्येक जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में 5 एकड़ से लेकर 20 एकड़ तक की भूमि खेल मैदान एवं खेल गतिविधियों के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। इसके लिए 15 दिवस का लक्ष्य जिला खेल अधिकारियों को दिया गया।

### अलंकरण पुरस्कार आवेदन अब 10 तक

भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनांतर्गत जिला बिलासपुर, बलौदाबाजार और रायपुर के खेल अधिकारी को शीघ्रातिशीघ्र भारत सरकार द्वारा वांछित तीन बिन्दुओं की जानकारी उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया, ताकि भारत सरकार से अधोसंरचनाओं के लिए शीघ्रातिशीघ्र फण्ड प्राप्त हो सके। आगामी 29 अगस्त हो आयोजित होने वाले राज्य खेल अलंकरण के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया गया। खेल संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि विभाग में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया के तहत भरे जाएंगे। इसके साथ ही विकासखण्ड मुख्यालयों और जिला मुख्यालयों में खेल के लिए भू-खण्ड आरक्षित करने पर भी जोर दिया गया।

### एआईसीसी को रिपोर्ट सौंपेंगे, फिर बड़े नेता निर्णय करेंगे : मोइली

# मोइली ने कहा- चुनावों में हार की समीक्षा से मजबूत होगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कर्नाटक के पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली ने कहा, छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के हार की समीक्षा कर आगामी दिनों की रणनीति भी तैयार की जाएगी। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य कांग्रेस को मजबूत करना है। बड़े चेहरों और स्थानीय चेहरों को मजबूत करने के लिए आए हैं। बैठक के बाद रिपोर्ट सौंपेंगे, फिर बड़े नेता निर्णय करेंगे।

रायपुर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में वीरप्पा मोइली ने कहा, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था, क्योंकि छत्तीसगढ़ में कई बेहतरीन लीडरशिप है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस से कहां गलती हुई, इसका पता लगाएंगे।

पहले दिन दो लोकसभा की बैठक और बड़े नेताओं के साथ अलग से करेंगे। बैठक में सचिन पायलट भी रहेंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बहुत अच्छा काम किया है। हमारी लीडरशिप बहुत अच्छी है। राज्य में ग्रासरूट लेवल पर भी हमने बेहतर काम किया है। आखिर गलती कहां हुई? इसका हम पता लगाएंगे।

### लोकसभा चुनाव में मोदी का ड्रामा नहीं आया काम

लोकसभा इलेक्शन में मोदी को आईना दिखाया है। वह सोच रहे थे कि वह मेजोरिटी के साथ आएंगे, पर वह एक्सीलेंट मेजोरिटी के साथ नहीं आए, जो उन्होंने ड्रामा किया वह काम नहीं आया। कांग्रेस ने चुनाव में बेहतर काम किया है, लेकिन एनडीए ने भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। कांग्रेस अब आगामी चुनाव की ओर देख रही है।



### संविधान को बचाने की कोशिश में कांग्रेस

प्रियंका गांधी के जय संविधान के नारे पर वीरप्पा मोइली ने कहा- मैं हमेशा इरिटेट होता हूं। मैं समझता हूं कि ये सोचते हैं कि कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया इरिटेशन है। हम हमेशा यह कोशिश करते हैं कि संविधान को कैसे बचाया जाए। हम यहां संविधान को बचा रहे हैं। प्रियंका गांधी, राहुल गांधी संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### हार का ठीकरा बड़े नेताओं पर फूटा

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचने पर दोपहर 3 बजे से प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। पहली बैठक में वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी ने वरिष्ठ नेताओं से यह जाना कि चुनाव में किस कारण हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पांच साल सरकार के दौरान कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दिए जाने और जो कार्यकर्ता अपनी बात रखने की कोशिश करता, उन्हें प्रताड़ित करने को हार का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा, संगठन में अंदरूनी गुटबाजी हावी रही, लोग एक दूसरे पर खुलेआम आरोप लगाकर पार्टी की छवि को कमजोर करने का काम करते रहे। वरिष्ठ नेताओं ने खुलकर बड़े नेताओं पर हार का ठीकरा फोड़ा। कवासी लखमा ने बस्तर चुनाव में हार को संगठन के नेताओं में आपसी गुटबाजी को बताया। उन्होंने कहा वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ता एक दूसरे के खिलाफ ही षड्यंत्र को जिम्मेदार बताया।

### ये भी रहे मौजूद

बैठक में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की मौजूदगी में शुरू हुई। कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मोहम्मद अकबर, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, गुरू रूद्र कुमार, प्रेमसाय सिंह, डॉ. शिव डहरिया, अमितेश शुक्ला, छाया वर्मा, विकास उपाध्याय, राजेंद्र तिवारी, राजेश तिवारी, शैलेष नितिन त्रिवेदी, प्रभारी सचिव चंदन यादव, विजय जांगिड़ भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बागबाहरा में युवक से मारपीट, 4 दांत टूटे

**महासमुंद।** बागबाहरा में मारपीट की घटना में एक युवक के 4 दांत टूट गए। प्रार्थी लक्की धीवर पिता ललित धीवर (23) ने पुलिस को बताया बस्तीबागबाहरा के पप्पू बागबाहरा और उसके अन्य साथियों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान प्रार्थी के 4 दांत टूट गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 325, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



### जोगीडीपा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जोगीडीपा में शाला प्रवेश उत्सव पर बीआरसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित थे। बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर प्रवेश दिलाया गया। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। उनके द्वारा अवलोकन ने पाया गया कि बच्चों का शाला प्रवेश लक्ष्य के अनुरूप हो गया है। शाला प्रांगण एवं कक्षाएं स्वच्छ है। उन्होंने बच्चों से प्रश्नोत्तर भी किए एवं बच्चों के स्तर को कक्षा अनुरूप पाया, उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। नए शिक्षण सत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राजू देवांगन, प्रधान पाठक खिलेश्वरी कोसरिया, सोनिया साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक में आदित्य व पुष्पेंद्र हुए शामिल

**सरायपाली।** महासमुंद लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर के राजीव भवन में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरायपाली विधानसभा के बारे में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आरएन आदित्य अधिवक्ता एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार से लोकसभा चुनाव के बारे में पूछा गया। बैठक के बाद तीनों अध्यक्षों प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य भेंट मुलाकात की।

# अभा हिंदू महासभा के सभी सिपाही राष्ट्र और हिंदू धर्म के लिए पूर्ण समर्पित

## देवराज बघेल महासभा के महासमुंद जिलाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारत हिंदू महासभा ने आज देवराज बघेल (कैलाश) को महासमुंद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष मिलन कुमार साहू ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रेस क्लब में पत्रवार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष साहू ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा वर्षों से हिंदू हित में कार्य करती आई है। महासभा के सभी सिपाही राष्ट्र और हिंदू धर्म के लिए समर्पित है।




उन्होंने बताया जिले में महासभा की सक्रियता बढे। इसके लिए देवराज बघेल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है और जल्द ही श्री बघेल अपनी कार्यकारिणी तैयार कर जिले में हिंदू हित की आवाज बुलंद करेंगे। श्री साहू ने बताया कि महासभा एक राजनैतिक पार्टी है। पिछले विधानसभा में महासभा की ओर से प्रदेश के विभिन्न विधानसभा से हमारे प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, बालोद, महासमुंद, रायगढ़, बिलासपुर में हमारे सिपाही गौ रक्षा, हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारत हिंदू सभा का इतिहास बहुत पुराना है,तब से लेकर हमारी एक ही मांग है भारत को एक हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए और इसके लिए हम हमेशा से ही मुखर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि युवा इकाई के इस संगठन के सभी युवा सिपाही हिंदू धर्म की रक्षा के लिए काम करेंगे।

प्रेसवार्ता में प्रदेश संगठन मंत्री प्रीतम साहू, युवा सिपाही भावेश नागेश, चंद्रकांत नागेश, लोकनाथ साहू और रामकुमार शामिल थे।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले पति को 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर प्रधान सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने मृतका के पति बेमचा निवासी 45 वर्षीय साधुराम मालेकर पिता रिखीराम मालेकर को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत 7 साल के सश्रम कारावास की सजा व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 4 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतना होगा।



अभियोजन के अनुसार आरोपित साधुराम द्वारा विवाह के बाद केवल लड़की होने और पुत्र नहीं होने से मृतका को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। जिसके कारण उसकी पत्नी अनिता मालेकर ने 26 मार्च 2022 को महासमुंद व अरंड रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से कटकर जान दे दी। डबल डायमंड ट्रेन के गार्ड तथा लोको पायलट ने अरंड रेलवे स्टेशन को सूचना दी कि कोई 30-35 वर्ष की महिला जो लाल साड़ी पहनी थी अचानक पटरी पर आकर लेट गई। स्टेशन अधीक्षक अरंड की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आने पर पुलिस ने धारा 306 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

# नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा व तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शासकीय बालक व कन्या प्राथमिक

■ बालक व कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम




शाला नर्रा में शनिवार को शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर की गई। नव प्रवेशी बच्चों का चाकलेट से मुंह मीठा करा व तिलक लगाकर स्वागत कर किया गया। साथ ही शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन पटेल पूर्व सरपंच थे। अध्यक्षता सरपंच गोपाल किशन पटेल ने की। इस मौके पर सभी बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उन्होंने ने कहा कि शासन आज शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। छात्रवृत्ति निःशुल्क पाठ्यपुस्तक गणवेश उच्च कक्षाओं में साइकिल की व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने एक अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमित खेलकूद, सामान्य ज्ञान अभ्यास, पढ़ाई लिखाई करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। सरपंच गोपाल किशन ने नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी छात्र-छात्राओं को नियमित पाठशाला आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पतिराम साहू, कुंती दीवान, सहायक शिक्षिका मनीष कुमार यादव, शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डिगम लाल साहू प्रधान पाठक कन्या व आभार प्रदर्शन श्रवण कुमार ठाकुर प्रधानपाठक ने किया।

# जिले में टोल टैक्स फ्री करने की मांग, माफ नहीं तो विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम: संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

जिले में टोल टैक्स फ्री करने की मांग लगातार अलग–अलग संगठनों द्वारा समय–समय उठाया जा रहा है। पिछले महीनों से सरायपाली के युवाओं द्वारा टोल फ्री करने आवाज उठाई जा रही है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 10 जुलाई तक टोल प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया गया है। मांग पूरी नहीं होने पर 11 जुलाई से उग्र प्रदर्शन चक्काजाम करने की बात कही गई है। युवाओं का नेतृत्व कर रहे संजय चौधरी ने कहा कि रोड एक तो नियम अलग अलग क्यों ? राजनांदगांव में सीजी 08 पासिंग वाली वाहनों का टोल नहीं लिया जाता है। दुर्ग में सीजी 07 पासिंग वाहनों का टोल टैक्स नहीं लिया जाता है, ओडिशा में ओडी 17 पासिंग सभी वाहनों से टोल टैक्स नहीं लिया जाता है तो फिर महासमुंद जिलेवासियों से ही छलावा क्यों? चौधरी ने कहा कि जब वाहन खरीदते समय रोड टैक्स दे रहें हैं। जीएसटी अलग से दे रहें हैं तो फिर टोल टैक्स क्यों? टोल टैक्स माफ होना चाहिए, पिछले महीने भी टोल प्रबंधन, शासन–प्रशासन को



हमारे द्वारा ज्ञापन दिया गया था। जिसमें शासन प्रशासन, टोल प्रबंधन का कोई जवाब नहीं आया। आचार संहिता लागू होने के कारण प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिल पाई। उसके बाद टोल टैक्स वसूलने वाली कंपनी बीएससीपीएल भी बदल गई, अब आरंग टोलवे लिमिटेड ढांक झलप एवं छुईपाली टोल टैक्स की वसूली कर रही है। जिसके कारण हम पुनः कंपनी को ज्ञापन देने गए थे, कंपनी के मैनेजर ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया।

महासमुंद जिलेवासियों 10 जुलाई तक टोल टैक्स माफ नहीं किया जाता है तो 11 जुलाई से उग्र विरोध प्रदर्शन व चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन एवं टोल प्रबंधन की होगी। वहीं आरिफ अली पिंकी का कहना है महासमुंद सीजी 06 परमिट सभी वाहनों को टोल मुक्त होना चाहिए। महासमुंद जिले में निवासरत सभी नागरिकों को आधार कार्ड या परिचय पत्र के माध्यम से टोल टैक्स फ्री की सुविधा मिलनी चाहिए। शासन प्रशासन 10 जुलाई तक हमारी मांग पर कोई फैसला नहीं लेती है तो 1 जुलाई से विरोध प्रदर्शन करेंगे। वीरेंद्र नायक अधिवक्ता का कहना है कि क्षेत्रवासियों को ज़िला मुख्यालय जाने के लिए टोल टैक्स देना पड़ता है। सरायपाली जाने के हमें बार–बार टोल देना पड़ता है। राजनांदगांव टोल प्लाजा एवं दुर्ग टोल प्लाजा जैसी सुविधा झलप और छुईपाली में भी मिलनी चाहिए, शासन-प्रशासन टोल प्रबंधन को इस विषय पर जल्द फैसला लेना चाहिए। सिंघनपुर निवासी गजेंद्र कश्यप का कहना कि सिंघनपुर गांव के बार्डर में ही टोल का निर्माण हुआ है। ग्रामीणों को दिन में कई बार राशन सामग्री, हॉस्पिटल अन्य जरूरी कार्यों के लिए सरायपाली जाना पड़ता है। टोल टैक्स देना पड़ता, जिससे आर्थिक बोझ पड़ता है। 10 जुलाई तक टोल टैक्स माफ होना चाहिए। इस अवसर पर संजय चौधरी, वीरेंद्र नायक, आरिफ अली पिंकी, मनोज पटेल, गजेंद्र चौधरी, अनिल पटेल, पालेश्वर पटेल, वसीम हुसैन, देवेश चौधरी, गजेंद्र कश्यप, किशन नर्मदा, सूर्यकांत नायक, दिलीप पटेल, हेतराम चौधरी, बसंत पटेल, तिलक पटेल, भरत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर तुपकबोरा में मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नए शिक्षा सत्र 2024-25 के शुभारंभ के साथ ही संकुल केंद्र छुईहा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुपकबोरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना से हुई। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संकुल समन्वयक विजय कुमार साहू द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि शिक्षा मानव के विकास के लिए जरूरी है। शिक्षा मनुष्य के जीवन को एक नई दिशा प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना एवम नवप्रवेशी बच्चों को शत प्रतिशत प्रवेश दिलाना है। उन्होंने शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और ग्रामीणजनों से विद्यालय में बच्चों



को शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक मोहन लाल साहू द्वारा विद्यालय में मिलने वाली सुविधाएं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, निःशुल्क गणवेश, मुस्कान पुस्तकालय, मध्यान्ह भोजन, खेल सामग्री, छात्रवृत्ति आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके पश्चात शिक्षिका सरिता साहू द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश और शिक्षक अमीर सिंह दीवान द्वारा शिक्षा मंत्री का संदेश वाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश दीवान ने बताया कि शिक्षा से मानव का समग्र विकास होता है। शिक्षा के बिना मनुष्य एक पशु के समान होता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आना चाहिए तथा विद्यालय के अनुशासन का पालन करना चाहिए। इस तरह के प्रवेशोत्सव के आयोजन से बच्चे विद्यालय आने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि शासकीय प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुपकबोरा में शत-प्रतिशत बच्चों का प्रवेश कराएंगे। कोई भी बच्चा शाला त्यागी नहीं होगा। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में बच्चों को पुस्तक गणवेश वितरण कर और खीर पूड़ी खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रुप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश दीवान, मुख्य अतिथि के रुप में संकुल समन्वयक विजय कुमार साहू, समिति के सदस्य प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक बिसाहिन साहू, रामकुंवर निषाद, सुनीता मरकाम, कांति चक्रधारी, भानमती चक्रधारी, दसरू साहू, सोमबाई, दशरथ चक्रधारी, धनेश्वरी दीवान, हेमा दीवान, गंगा दीवान, हीराबाई दीवान, मीना दीवान, संस्था प्रमुख सरिता साहू, शिक्षक मोहन लाल साहू, अमीर सिंह दीवान, खिलावन टंडन, युगल साहू, रूपकांत ठाकुर, केदार नाथ साहू, पुनाराम दीवान, लव कुमार दीवान, रविन्द्र फुटान, खेदूराम कोसरिया, भोलेश्वर साहू, नागरिक बुधराम साहू, पंचम दीवान, कपिल चक्रधारी, भूषण दीवान, दीनदयाल यादव उपास्थित रहे।

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में नपं तुमगांव व बिजली दफ्तर का घेराव कल

**महासमुंद।** तुमगांव क्षेत्र के गांवों में अघोषित विद्युत कटौती तथा तुमगांव नगर पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों में हुई अनियमितता को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में सोमवार 1 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक नगर पंचायत तुमगांव तथा वहां से रैली निकालकर शाम 4 बजे विद्युत वितरण केंद्र का घेराव किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि विगत 6 माह के भाजपा सरकार के कार्यकाल में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से महासमुंद विधानसभा के तुमगांव क्षेत्र के ग्रामीण हलाकान हैं। वोल्टेज की समस्या के कारण ग्रामीण बिजली उपकरणों का उपयोग तक नहीं कर पा रहे। बीते गर्मी सीजन में 10-10 घंटों तक बिजली कटौती की गई। जो अभी भी सतत जारी है। इससे बुजुर्ग, बच्चे, मरीजों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। सरप्लस बिजली वाले राज्य में साय-साय बिजली की घंटों कटौती की जा रही। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या नहीं हुई। बिजली बिल हॉफ योजना के माध्यम से न्यूनतम बिल से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। लेकिन, वर्तमान में साय सरकार द्वारा बिजली दरों में वृद्धि कर बिजली बिल फूल तथा बिजली सप्लाई हाफ कर दी गई है। जिसके विरोध में क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस जनों के साथ विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी तरह तुमगांव नगर पंचायत नाली निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण में अनियमितता, नलों से गंदे पानी की आपूर्ति एवं अधिक जलकर वसूली के विरोध में नपं तुमगांव का घेराव कर जवाब मांगा जाएगा।

# संकुल समन्वयकों को अकादमिक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश

## संकुल समन्वयकों की हुई बैठक, जाति प्रमाण पत्र कार्य पूर्ण करने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के संकुल समन्वयकों की बैठक विकासखंड स्रोत केंद्र कार्यालय में हुई। इसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा व बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा मौजूद रहे। बैठक के प्रथम चरण में एबीईओ गजेंद्र ध्रुव द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी दिनों में होने वाले साक्षरता सर्वे की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए जानकारी दी गई। बीआरसीसी सिन्हा द्वारा नवीन शिक्षा सत्र के शाला प्रवेशोत्सव की जानकारी ली गई। गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक सभी बच्चों को प्रथम दिवस से उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया।

जाति प्रमाण पत्र के प्रगति की समीक्षा संकुलवार की गई एवं नवप्रवेशित बच्चों को फोकस करते हुए इस पर विशेष ध्यान देने कहा गया। इस अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बकमा के शत प्रतिशत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र की उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रधान पाठक नेमीचंद अग्रवाल का प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया



गया।

बीईओ सिन्हा द्वारा संकुल समन्वयकों को अकादमिक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने निर्देशित किया गया। प्रत्येक बच्चे के शैक्षिक प्रगति की मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया गया। इसके लिए विद्यालयों को विद्यार्थी विकास सूचकांक को अद्यतन करने कहा गया। बैठक में वर्षा काल में पौधा रोपण की योजना बनाई।

बैठक के दूसरे चरण में महासमुंद विकासखंड में 10 से 27 जून तक चले बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रशिक्षण के प्रशिक्षकों एसआरजी एवं ब्लॉक प्रभारी मधु साहू, डीआरजी महासमुंद जोन से खेमिन साहू, मनोज साहू, पवन साहू, तुमगांव जोन से नीरज साहू, गोपाल साहू, बाल्मिकी साहू, झलप जोन से मनीष चंद्राकर, सीमा यादव, कमल किशोर कुर्रे एवं व्यवस्था प्रभारियों को सम्मानित किया गया। संकुल समन्वयकों एवं प्रशिक्षकों ने अधिकारियों के साथ मिलकर एफएलएन के वर्षभर प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति पर चर्चा की। इस अवसर पर डाइट से ईश्वर चंद्राकर, संकुल समन्वयक अशोक साहू, सतीश तिवारी, आशीष साहू, ए.चंद्रशेखर डोरा, अनिल ढीढी, धरम पटेल, सहदेव ध्रुव, पवन साहू, शेख रशीद कुरैशी, मनोज साहू, सुरेश पटेल, नीरज साहू, डोंगर सिंह टंडन, पीतांबर पाठक, गणेश टंडन, गणेश राम टंडन, सुरेंद्र चंद्राकर, ललित बया, मनीष चंद्राकर, गुहन साहू, कमल किशोर कुर्रे, बेदराम गिलहरे, जोगिंदर गिलहरे, खेमराज चौधरी, खेमराज दीवान, लक्ष्मीनाथ सकरिया, मानिक राम साहू, देवानंद पटेल, बाल्मिकी साहू, फनेंद्र बंजारे, निर्वाण दास मानिकपुरी, कमल किशोर कुर्रे, कमल किशोर सिन्हा, ईश्वर कमार, गोविंद ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, खिलावन कंडरा, घनश्याम दीवान, शाहीद खान उपस्थित रहे। नवीन शिक्षा सत्र की अपने संकुल की कार्ययोजना से अवगत कराया गया।

# प्रदेश में विकास के नए आयाम गढ़ रही है विष्णुदेव साय सरकार: राजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार के 6 महीने की उपलब्धि पूर्ण कार्यकाल के संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। छत्तीसगढ़ को संवारने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसकी झलक बहुत कम समय 6 महीने में ही दिखने लगा है। सुशासन, समृद्धि और विकास के नए आयाम गढ़ने का संकल्प लेकर राज्य सरकार कार्य कर रही है। राज्य के हर वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है।

मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि राज्य के अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना लागू कर सरकार ने उनका सम्मान बढ़ाया है। धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना काफी मददगार साबित हो रही है। महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार



रुपए मिलने से महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। उन्हें अपनी छोटी छोटी जरूरतों के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ता है। योजना से राज्य की लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इसी प्रकार केंद्र की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में विकास का नया अध्याय जोड़ रही है। प्रदेश में 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास निर्माण कराने का लक्ष्य है। इससे गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है। जंगल क्षेत्रों में रहने वाले तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए भी सरकार काम कर रही है। इस बार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा भुगतान किया गया है। इससे आदिवासी परिवारों को भी आर्थिक मजबूती मिल रही है। हमारी सरकार ने उनकी मेहनत का सम्मान किया है। प्रदेश में युवाओं के लिए नए शैक्षणिक संस्थान, हाईटेक लाइब्रेरी खोले जा रहे हैं, जिससे राज्य के युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा मिल सके। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं। इस प्रयास से सरकार की योजनाओं का लाभ सुदूर क्षेत्रों के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचेगा। इतने कम समय में ही हमारी राज्य सरकार ने विकास की गति काफी तेज कर दी है। इससे राज्य तेजी से उन्नति की राह में आगे बढ़ रही है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 जून को रात करीब 11:30 बजे ग्राम बिछिया के पास हेमनाथ पिता बंधन दास मानिकपुरी (40 साल) निवासी दुर्गापाली की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप



### बेलसोंडा स्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बेलसोंडा में पौधारोपण किया गया है। जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल यादव, भोलाराम चंद्राकर, शिव कुमार यादव सहित संस्था के प्रधान पाठक रेखा चंद्राकर, शिक्षिका शीतल शर्मा, नेहा चंद्राकर, लीना चंद्राकर, चित्ररेखा गहरवार, लीना चंद्राकर सहित ग्रामीण महिला मीना धीवर, पुन्नि यादव, चंदा चंद्राकर, कीर्ति चंद्राकर, चमेली साहू, यशोदा साहू मौजूद रहे। अतिथियों ने रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।

### सोरिद स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय हाई व मिडिल स्कूल सोरिद में 28 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन महासमुंद विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता संस्था प्रमुखद्वय प्राचार्य धरमसिंह महानंद, प्रधान पाठक सरिता तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। पश्चात कक्षा 9वीं में 35 एवं 6वीं में 30 नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा व मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि के कर कमलों से पाठ्य पुस्तक व शाला गणवेश प्रदाय किया गया। बच्चों गर्म भोजन में खीर, पूड़ी, जलेबी, चाकलेट, दाल चावल परोसा गया। स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि द्वारा सभी को शत प्रतिशत शाला आने, अध्ययन अध्यापन शाला कलेंडर अनुसार करने कहा। पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने आग्रह किया।

## गरज चमक के साथ हुई झमाझम बारिश ...



**नर्रा।** आषाढ़ माह लगे आठ दिवस हो गए। जून माह विदाई की ओर है। मानसून आगमन के बाद भी सिस्टम सक्रिय नहीं हो रहा है। क्षेत्र के गांवों में कहीं पर अच्छी बारिश तो कही पर बौछार पड़ रही हैं। खंड वर्षा अभी से देखने को मिल रहा है। पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम चक्रवाती के चलते शुक्रवार को हल्की बारिश और शनिवार अलसुबह 4.30 साढ़े चार बजे से गरज चमक के साथ ढाई से तीन घंटे झमाझम बारिश हुई। गली-मोहल्ले में बारिश से तरबतर हो गए। खेतों में पानी भरने से धान बोआई का कार्य प्रभावित रहा। ग्राम पंचायत नर्रा में लगाया गया वर्षा मापक यंत्र के संबंध में पंचायत सचिव घनश्याम दीवान से जानकारी लेने पर बताया कि एक जून से अब तक क्षेत्र में 70 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अच्छी बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

# चंद्राकर द्वारा जनसमस्या निवारण पर टिप्पणी करना अज्ञानता का द्योतक:चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ चोपड़ा ने कहा: विनोद के कार्यकाल में कई मामले पंडिंग

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर द्वारा जनसमस्या निवारण के लिए चलाए जा रहे अभियान पर टिप्पणी को उनकी अज्ञानता एवं मूर्खता का द्योतक बताया है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि विनोद चंद्राकर की निष्क्रियता के कारण उनके कार्यकाल के ही राजस्व प्रकरण पेंडिंग पड़े हैं, जिन्हें चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से निपटाया जा रहा है। रेत, शराब, जमीन और ट्रांसफर, पोस्टिंग में लगे पूर्व विधायक को ध्यान ही नहीं रहा कि उनके क्षेत्र की जनता उनसे मिलने और समस्या निराकरण की आस में उनके कार्यालय और शासकीय कार्यालय के चक्कर में अपनी चप्पल घिस रही है। सत्ता के मद में चूर विनोद चंद्राकर ने 5 साल के कार्यकाल में एक बार भी कलेक्टोरेट के अलावा किसी भी कार्यालय में गए ही नहीं।



जनता की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर सरपंच तक भेंट मुलाकात का कार्यक्रम आयोजित करते रहे, जिसकी जानकारी शायद विनोद चंद्राकर को नहीं है। उनके मुख्यमंत्री भी जनता की समस्या को लेकर गांव-शहर में कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश है कि जनसमस्या को लेकर कार्यकर्ता अधिकारियों से सौहार्द्रपूर्ण माहौल में समस्या हल करें। यदि अधिकारी उद्दंडता करें तो इसकी शिकायत मंत्री एवं संगठन से कर कार्रवाई कराएं एवं अधिकारियों के रवैए में परिवर्तन लाए जो लोग पांच साल के कांग्रेस शासन एवं पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के रवैए से भ्रष्ट एवं जनोन्मुखी विहीन हो चुके हैं।

डॉक्टर चोपड़ा ने कहा कि इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से चर्चा हो चुकी है और उन्होंने जनता के कार्यों को संपादित करने के लिए कार्यकर्ताओं को कार्यालय में जाने एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में समस्या के निपटारे की खुली छूट दी है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर अखबारी शेर बनने की बजाय जनता की सेवा में लगे तो उनका और जनता का भला होगा।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से नपाध्यक्ष राशि ने की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ शहर के विकास कार्यों, कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के साथ ही महासमुंद आगमन के लिए दिया न्यौता

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कांग्रेस संगठन मजबूती के लिए आवश्यक चर्चा की। चर्चा के दौरान पायलट से राशि ने आवश्यक दिशा निर्देश भी लिया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पायलट से मुलाकात में श्रीमती महिलांग ने महासमुंद शहर में विकास कार्यों के क्रियान्वयन की जानकारी भी दी। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार को भेजे गए विकास कार्यों के प्रस्ताव की बेहतर रुप से क्रियान्वयन के लिए भी पायलट से दिशा निर्देश लिया।



चर्चा के दौरान प्रदेश प्रभारी पायलट ने नपाध्यक्ष से जिले में कांग्रेस संगठन की मजबूती के आवश्यक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा व प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओ से नियमित संवाद स्थापित करने की बात कही। आगामी समय में संपन्न होने वाले नगरीय निकाय व पंचायती चुनाव में कांग्रेस की मजबूत बनाने व सफल प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक उपायों पर भी जोर दिया। चर्चा उपरांत श्रीमती महिलांग ने प्रदेश प्रभारी पायलट को महासमुंद प्रवास के लिए आग्रह किया। मुलाकात के दौरान उनके साथ युवा नेता एरिश अनवर, नीरज परोहा और अन्य मौजूद रहे।

## प्रवेशोत्सव पर कन्या शाला के छात्राओं ने रोपे अनेक पौधे




**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी छात्राओं ने संस्था के ईको क्लब की छात्राओं के सहयोग से विद्यालय में अपने प्रवेश को यादगार बनाने के लिए फलदार, छायादार और फूल वाले पौधों का रोपण ईको गार्डन में किया। नवप्रवेशित छात्राओं ने पौधों की व्यवस्था खुद से किया और आसपास से ही ढूंढ-ढूंढ कर पौधा एकत्रित कर पौधरोपण किया। पौधरोपण ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा के सहयोग से हुआ। प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने वृक्षों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। व्याख्याता रागिनी चंद्राकर ने पौधों से प्राप्त होने वाले दवाइयों के बारे बताया। कार्यक्रम में व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, मनीषा राजपूत, दुलारी, सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे।

## उद्यान में लगा वृक्ष सड़क पर गिरा...



**महासमुंद।** बीटीआई मार्ग स्थित गुरू गोविंद सिंघ उद्यान में गत दिनों आंधी तूफान और बारिश से एक विशालकाय वृक्ष उखड़ कर मार्ग में गिरने से नागरिकों की आवाजाही प्रभावित हो गई। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वे पालिका अमले के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति को देखते हुए पालिका के जेसीबी के माध्यम से गिरे हुए वृक्ष को हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराया। श्रीमती महिलांग ने बताया कि अच्छी बात है कि वृक्ष के गिरने से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा बारिश के दिनों में इस तरह की कोई भी घटना शहर में घटित हो तो वे इसकी त्वरित जानकारी पालिका कर्मियों या फिर उन्हें आवश्यक रूप से दे।



### प्रदेश प्रभारी पायलट से कांग्रेसियों ने की मुलाकात

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आरएन आदित्य अधिवक्ता एवं पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य व ब्लॉक ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल एवं भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार व महासमुंद विधानसभा के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के साथ सौजन्य मुलाकात की। और संगठन के बारे में चर्चा की।

# छात्रों को सामाजिक, आध्यात्मिक, नैतिक और व्यावहारिक शिक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत

केंद्रीय विद्यालय में कक्षा पहली के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल और प्रधानाध्यापिका कांता एक्का की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रधानाध्यापिका कांता एक्का ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों के साथ साथ अभिभावकों और नवप्रवेशित



कक्षा पहली के विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात कक्षा पहली के विद्यार्थियों को पुष्प, शुभकामना पत्र, चाकलेट और लेखन सामग्री प्रदान कर स्वागत किया गया। प्राचार्य संजय कंसल ने अपने उद्बोधन में सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमें विद्यार्थियों को सामाजिक, आध्यात्मिक, नैतिक और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने पर जोर देना चाहिए और सर्वांगीण विकास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सुखद, स्वस्थ्य, सफल और समृद्ध जीवन के लिए कामना किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर और आभार प्रदर्शन नीलमाधव सिंह ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण गुलाब आवड़े, प्रभात देवांगन, प्रताप सोनी, प्रवीण साहू, सूर्य कुमार साहू, धर्मेंद्र पटेल, सीताराम पटेल विजेता, नेहा, मोनिका, सोनिया सहित अभिभावकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बेहतर पेयजल आपूर्ति के लिए नपाध्यक्ष ने तीन वार्डों में बोर खनन कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के विभिन्न वार्डों में वार्डवासियों की मांग पर बेहतर पेयजल आपूर्ति के लिए पालिका की ओर से बोर खनन कराया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के वार्ड 6,7 एवं 8 में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि शहर के नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए वे हमेशा प्रयासरत रहती है। इस लिए विधुत आपूर्ति होने पर वे शहर में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कर समस्या से निजात दिलाना का भी प्रयास उन्होंने किया है। अब वार्ड में बोर होने से नागरिकों को पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके



से पेयजल की आपूर्ति होगी। इस दौरान उनके साथ वार्ड पार्षद व सभापति बबलू हरपाल, मीना वर्मा व पार्षद हफीज कुरैशी के साथ समस्त वार्डवासी मौजूद रहे।

# दाबपाली में प्रवेशोत्सव पर किया पौधारोपण, नेवता भोज भी हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में शुक्रवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कक्षा 6वीं के नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर प्रवेश कराया। वही नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश एवं निःशुल्क पाठय पुस्तकों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर की गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्वारा सभी छात्रों को आशीष वचन देते हुए कहा बच्चे नियमित स्कूल आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रवेशोत्सव के साथ ही शाला परिसर में पौधा रोपण किया गया। वहीं वता भोज में सभी छात्र छात्राओं को खीर पूड़ी लड्डू परोसा गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष गैस कुमार पटेल, सेवानिवृत शिक्षक अभयराम दीवान, डीगेश कुमार शिक्षक-शिक्षिका आदि मौजूद रहे।

# वल्लभाचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रवेश कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने बताया कि 26 जून को बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, डीसीए, स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं एमए, एमएससी, एमकाम, पीजीडीसीए, पीजी, योगा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए महाविद्यालय में कुल 4090 फॉर्म आए थे, उसमें आरक्षण के आधार पर 1601 विद्यार्थियों की सूची निकाल गई है। शेष आवेदन 2489 है। प्रथम सूची में प्रवेश के उपरांत रिक्त सीटों के लिए द्वितीय सूची 9 जुलाई 2024 को निकाली जाएगी। उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन अवर सचिव के आदेश अनुसार स्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए मात्र दो सूची जारी की जाएगी प्रथम सूची निकल जा चुकी है। द्वितीय सूची 9 जुलाई को निकाली जाएगी।

उपरोक्त दो सूची जारी करने के उपरांत सीट रिक्त होने की स्थिति में 15 जुलाई से महाविद्यालय स्तर पर मुक्त प्रवेश के लिए सात दिवस का समय निर्धारित किया जाए के अनुसार प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए



23 जुलाई 2024 को श्रेणी परिवर्तन कर महाविद्यालय स्तर पर 25 जुलाई 2024 तक मुक्त प्रवेश दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

### दस्तावेजों का सत्यापन के बाद शुल्क जमा करें

महाविद्यालय में नवीन एवं नवीनीकरण के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी समस्त दस्तावेज का सत्यापन करवाकर ही शुल्क जमा करें। डॉ रीता पांडेय प्रवेश प्रभारी समन्वयक समिति संयोजक ने बताया है कि विश्वविद्यालय की अधिसूचना के तहत स्नातक द्वितीय एवं अंतिम वर्ष, स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष एवं सेमेस्टर पद्धति के अगले सेमेस्टर में नियमित परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार प्रवेश देंगे पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को महाविद्यालय में ऑफलाइन माध्यम से अस्थाई प्रवेश देंगे एवं अहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण छात्रों को महाविद्यालय में रिक्त स्थान होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य ऑफलाइन के माध्यम से नियमानुसार प्रवेश देंगे। अन्य विश्वविद्यालय से पाठ्यक्रमों को बीच में छोड़कर आगे की पढ़ाई रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से पूर्ण करने के इच्छुक छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य, विश्वविद्यालय द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र जारी करने के पश्चात ही नियमानुसार प्रवेश देंगे। महाविद्यालय के सभी संकायों में प्रवेश कार्य प्रारंभ हो गए हैं। प्राचार्य डॉ अनसूया अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 1 जुलाई से महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारंभ हो जाएगा विद्यार्थी अध्ययन के लिए महाविद्यालय में उपस्थित होवें।

### गौरव विद्या मंदिर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सौंपा दायित्व

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर के संचालक तेज कुमार पंडा के सानिध्य में तथा प्राचार्य दिनेश सतपथी तथा प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल के निर्देशन में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की एक बैठक रखी गई। जिसमें विद्यालय के सफल संचालन के लिए वार्षिक कार्य योजनानुसार सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को विभिन्न दायित्व सौंपा गया, इसमें कार्यालय प्रमुख छत्रेश, परीक्षा प्रमुख दास, माधुरी, विज्ञान प्रमुख रोहित साहू, पुस्तकालय प्रमुख मंजू, जाति, निवास आय प्रमुख तेजराज डनसना एवं हितेश, स्काउट क्रीड़ा एवं किशोर भारती प्रमुख प्रफुल्ल बारीक, गाइड प्रमुख श्वेता, अनुशासन प्रमुख सविता प्रधान एवं डनसेना प्रार्थना प्रमुख रोहित प्रधान एवं सरवरी, कन्या भारती प्रमुख जानकी, सुनीता, खोया पाया प्रमुख दिव्या, स्वास्थ्य प्रमुख डनसेना, स्वच्छता प्रमुख हितेश, बागवानी प्रमुख शांति एवं जल एवं सास्कृतिक प्रमुख अंजली, विद्युत विभाग प्रमुख रोहित प्रधान एवं वाहन प्रमुख डनसेना को दिया गया है। अंत में समस्त दायित्व प्रभारियों को विद्यालय के संचालक तेजकुमार पंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक समय में एक काम करो ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा को डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ तथा जब तक जीना है तब तक सीखना है। अनुभव ही विश्व में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है, ऐसे ही वक्तव्यों से शिक्षकों को प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय की मीडिया प्रभारी सरवरी एवं माधुरी ने दी है।